सार-समाचार

## मुखर्जी जी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में बयाना स्थित दमदमा में अपने आवास कार्यालय पर पूर्व सांसद भाजपा नेत्री रंजीता कोली ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पूर्व सांसद रंजीता कोली ने अर्पित की पुष्पांजलि। जनसंघ के संस्थापक, महान विचारक एवं हम सभी के पथ प्रदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कोली ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनके सिद्धांत आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वे स्व. मुखर्जी के आदर्शों और विचारों पर चलते हुए संगठन एवं समाज सेवा को प्राथमिकता दें।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मण्डलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष अर्जुन (दमदमा), बांध बारेठा मण्डल अध्यक्ष सत्यप्रकाश, शहर मण्डल अध्यक्ष रानू सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन सादगीपूर्ण वातावरण में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ सम्पन्न हुआ।

## 'समस्याओं का मौके पर करें निस्तारण'

**करौली,** (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने ठााम पंचायत कोंडर एवं चैनपुर गाधौली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ठाामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।जिला कलेक्टर ने शिविर में आये परिवादीयों के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक विभाग के काउण्टर पर जाकर दी जा रही सेवाओं की संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित लोगो से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व ठाामीणों से वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की जिससे राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड माँ के नाम महाभियान को सफल बनाया जा सके। इस दौरान बडी संख्या में ठाामीण उपस्थित रहे।

## गोवर्धन लीला की कथा सुनाई

**करौली,** (निसं)। रविवार को गोमती कॉलोनी स्थित संत गोमती दास मेमोरियल संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।संस्थान के सदस्य आशुतोष तिवारी ने बताया कि कथा में भगवान कृष्ण के बचपन की लीलाओं को भागवत आचार्य मुरारी मुद्गल ने भक्तों को सुनाया कथा में भगवान के गोवर्धन लीला की कथा को सुनाया तथा गोवर्धन पूजा कर सजीव झांकी का चित्रण किया गया। इसी क्रम में आशुतोष तिवारी ने बताया कि आगामी 25 नवंबर को चैनपुर वाले महामंडलेश्वर भगवान दास बाबा द्वारा कल्पवृक्ष के विवाह के रूप में भगवान लक्ष्मी नारायण के विवाह का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत आज वधु पक्ष चैनपुर आश्रम से बर पक्ष गोमती आश्रम पर सगाई एवं पीली चिट्ठी लेकर आए वर पक्ष गौमती आश्रम की ओर से चैनपुर आश्रम से आए सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया तथा मंगल गीत गाए गए। इस दौरान संत गोमती दास मेमोरियल संस्थान के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा,चैनपुर आश्रम से महामंडलेश्वर भगवान दास बाबा,सीताराम शर्मा,जगदीश तिवारी,आशुतोष तिवारी,कपिल देव पाराशर,पवन पुजारी,अशोक पुजारी,देवेंद्र शर्मा एडवोकेट,विनोद शर्मा,राजेश सारस्वत आदि भक्ति गण मौजूद रहे।

## 'राशि को 7 दिन के भीतर जमा करावें'

**करौली,** (निसं)। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता रूपसिंह गुर्जर ने बताया कि जिले में जिला मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्युत चोरी के कुल 38 सर्तकता जाँच प्रतिवेदन भरे गये जिनमे सहायक अभियन्ता (अ.प्रथम) करौली द्वारा 5 प्रतिवेदन, सहायक अभियन्ता (अ.द्वितीय) करौली द्वारा 8 प्रतिवेदन,सहायक अभियन्ता(पवस) सपोटरा द्वारा 6प्रतिवेदन, सहायक अभियन्ता (पवस) मासलपुर द्वारा 5 प्रतिवेदन, सहायक अभियन्ता (पवस) मण्डरायल द्वारा 9 प्रतिवेदन,सहायक अभियन्ता (अ.प्रथम) हिण्डौन द्वारा 5 प्रतिवेदन भरे गए जिनका कुल राजस्व आंकलन रुपये 7.67 लाख है। उन्होने बताया कि 148 नम्बर सर्विस लाईन जप्त की गयी जिनमे 25 नं. हिण्डौन गेट,वीर हनुमान व शिकारगंज 15 नं. गुणेसरी, वरखेडा, गदका की चैकी व आसपास ऐरिया,12 नं.सपोटरा कस्वा, 16 नं. मासलपुर एवं आसपास ऐरिया, 10 नं. लांगरा एवं आसपास ऐरिया, 70 नं. शाहगंद, वडी वाखर, नसिया, काजीपाडा की सर्विस लाइन खोली गई उन्होंने बताया कि यदि उक्त भरी गयी सर्तकता जाँच प्रतिवेदनों के निर्धारित राजस्व आंकलन को 7 दिवस के अंदर जमा नही कराने वाले उपभोक्ताओं के विरूद्व विद्युत चोरी निरोधक थाना करौली में मुकदमा दर्ज करवा दिया जावेगा।

## नाम शुद्धीकरण कराकर दी राहत

**करौली,** (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के तहत ग्राम पंचायत सलेमपुर में एक काश्तकार खातेदार जिसका नाम लगभग 40 वर्ष पूर्व से सही दर्ज नहीं था। उसकी जमाबंदी और दस्तावेजों में नाम अलग-अलग होने से उसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसके अलावा उसे अन्य कार्यों में भी परेशानी हो रही थी। आयोजित शिविर में इनका सही नाम शिवराज सिंह पुत्र अनूप सिंह दर्ज करने की कार्रवाई की गई। जिससे खातेदार बहुत ही खुश हुआ उसने बताया कि मैं बहुत सालों से परेशान था मेरा कार्य नहीं हो रहा था लेकिन आज इस कैंप की वजह से मेरा काम आसानी से हो गया इसलिए मैं माननीय मुख्यमंत्री को इन कैंपों के आयोजन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

## मुखर्जी की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**करौली,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की अध्यक्षता मे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम श्यामा प्रकाश मुखर्जी के चित्रपट पर माल्यार्पण किया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला एवं विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला उक्त कार्यक्रम में विद्या देवी वैष्णव,पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा,मंडल महामंत्री आशीष जैन एडवोकेट,तेजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष नितेश,विक्की गुरु,कपिल जिंदल, धन सिंह, कपिल,बनवारी,सोहन सिंह,संतोष,डूंगर सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पदक विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

**सूरौठ,** (निसं)। पाबुपुरा, जोधपुर में आयोजित बेस्टजॉन राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप और यूथ स्टेट चैंपियनशिप 2025-26 में करौली जिले की काँस्य पदक विजेता टीम का सोमला गांव में क्रीड़ा भारती जिला-करौली ने किया स्वागत सम्मान ,वेस्टजॉन चैंपियनशिप में करौली जिले के खिलाडी चंद्रवीर सिंह ने राजस्थान काप्रतिनिधित्व करते हुए पहली बार गोल्ड मैडल प्राप्त किया समारोह में जाट महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह डागुर जटनंगला,भाजपा सूरौठ के मंडल अध्यक्ष संदीप सोलंकी, राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा, क्रीड़ा भारती से सवाई माधोपुर विभाग संयोजक हरीश पाठक, क्रीड़ा भारती करौली जिला मंत्री , करौली जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव और राष्ट्रीय कोच गोपाल सिंह रौत्रवाल,शशि कुमार कोषाध्यक्ष क्रीड़ा भारती जिला करौली, देशराज बैनीवाल सचिव टेबल टेनिस संघ करौली जगदीश भांकर धंधावली,अतर सिंह रौत्रवाल प्रधानाध्यापक अर्जुन सिंह सरपंच ग्राम पंचायत सोमला, लखन लाल , मालचंद ओझा शा.शि नागेंद्र सिंह बैनीवाल प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

# देवशयनी एकादशी पर श्याम मंदिर में धार्मिक आयोजनों की रही धूम

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। रविवार को देवशयनी एकादशी पर्व मनाया गया। नहर रोड स्थित कुशालगढ के बाबा श्याम मंदिर में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। मंदिर में सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। मंदिर में सुबह साफ-सफाई और धुलाई के बाद बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। कलकत्ता से मंगवाए गए केवडा, चंपा, रजनीगंधा, मोगरा और गुलाब के फूलों से बाबा का श्रृंगार किया गया। बाबा को नई पोशाक पहनाई गई और फलों से भी सजाया गया। इसके बाद भक्तो के दर्शनो के लिए बाबा के पट खोले गए।

- देवशयनी एकादशी पर बाबा के दरबार में रही भक्तो की भीड
- बाबा श्याम के जयकार से गुंजा श्याम मंदिर



एकादशी पर सजी बाबा श्याम की प्रतिमा व दर्शनों को उमड़ी भीड़।

एकादशी पर गंगापुर शहर के अलावा महुकला, महुखुर्द, जलोखरा, बाढकलां, उदेई, जाटबडौदा, खानुपर बडौदा, उमरी, सलेमपुर, चूली सहित आसपास के कई गांवों से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। भीड इतनी थी कि मंदिर में पैर रखने की जगह नहीं थी। श्री श्याम मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की। कई अन्य संगठनों ने भी शर्बत और ठंडाई की व्यवस्था की। श्रीकल्याणजी मंदिर में भी एकादशी पर विशेष झांकी सजाई गई। मंदिर में बाबा श्याम और श्री कल्याण जी महाराज के दर्शनों के साथ-साथ छप्पन भोग की झांकी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लग रहा।

शाम को बाबा श्याम की विशेष पूजा अर्चना और इसके बाद आरती की गई जिसमें हजारों भक्तों ने आरती में भाग लेकर परिवार में खुशहाली और सुख समृद्धि की मनौती मांगी। श्रीकल्याण जी मंदिर और नहर रोड के कुशालगढ मंदिर में श्रद्धालुओं ने गोपाल सहस्त्रनाम श्याम चालीसा आदि के पाठ किया और भजन कीर्तन का आनंद लिया।

# चिकित्सा शिविर आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। अग्रवाल सभा की ओर से रविवार को निशुल्क फिजियोथेरेपी एवं हड्डी रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 70 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर का उद्घाटन समाजसेवी मोहनलाल मित्तल ने खाटू श्याम बाबा और महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर वी.एन. शर्मा ने कहा कि बारिश के मौसम में साइटिका, स्लिपडिस्क, जोड़ों के दर्द एवं पोस्ट ऑपरेट केस में दर्द की शिकायत बढ़ जाती है। इसलिए गर्म पानी से सिकाई करें। औषधि तेल लगाए और एक्सरसाइज करें। ज्यादा दर्द होने पर फिजियोथेरेपिस्ट की सलाह लें। कैंप में कंधा, जोड़, कमर, कोहनी, पंजा, घुटने, टकने, गर्दन दर्द से परेशान रोगियों का इलाज किया गया।

शिविर में एसएमएस जयपुर से आए डॉक्टर सचिन शर्मा ने हड्डी रोग से ठास्त मरीज का को परामर्श दिया।इस मौके पर डॉ पवन पाराशर, डॉ टीना महेश्वरी, बवीता सोनी, यामिनी खंडेलवाल, लवण्या, कृष्ण कुमार ठाकुर, सुमित रेडियोग्राफर, सागर सौरभ, आदि ने अपनी निशुल्क सेवाएं दी। इस मौके पर अध्यक्ष सीए एम.एल.मित्तल, विनोद सिंघल, विष्णु लोहिया, पूर्व पार्षद दिनेश डीगिया, प्रहलाद गुप्ता, विनोद मेडिकल, महेश सिंगल, प्रेम गोयल, विनय चौधरी आदि उपस्थित रहे।



अठावाल सभा द्वारा निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं हड्डी रोग चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ।

## मोहर्रम का पर्व मनाया

**रूपवास,** (निसं)। गांव खानुआ में रविवार को मोहर्रम का पर्व मनाया गया। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मातमी धुनों के बीच ढोल नगाड़ों के साथ ताजिये निकाले। तथा दोपहर में बस स्टैंड के पास पट्टेबाजी करने के बाद जुलूस निकालकर देर शाम ताजिये को करबला में दफनाया गया। इस दौरान एएसपी एडीएफ हरीराम कुमावत, सीओ उच्चैन अनिल डोरिया व गहनोली मोड़ थानाधिकारी विजयसिंह छोंकर, बयाना थानाधिकारी बाबूलाल, गढ़ीबाजना थानाधिकारी पृथ्वीसिंह, रुदावल थानाधिकारी बालकृष्ण फौजदार उच्चैन थानाधिकारी गिर्राज सिंह व एसआई चंद्रमोहन मय जाब्ते के व लाइन से आया पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान नगरपालिका क्रि दमकल के कर्मचारी यतेंद्र योगी, धर्मेंद्र सिंह, गणेश शर्मा व महेश भी मौजूद थे। वही जुलूस गांव की चारो मस्जिदों के आगे से निकाला गया।

## मुखर्जी की जयन्ती मनाई

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल ने गंगापुर सिटी में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने की। कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम सिंह खटाना ने बताया कि डॉ. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी प्रसिद्ध शिक्षाविद थे। पूर्व जिला महामंत्री मनोज बंसल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश, एक विधान का मंत्र दिया। उन्होंने स्वतंत्र भारत की पहली सरकार की तुष्टिकरण नीति के विरोध में कैबिनेट से इस्तीफा दिया। डॉ. मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की और इसके पहले अध्यक्ष बने। वे कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति भी रहे।

# ठेकरा गौशाला में पौधारोपण कर दिया हरियाली का संदेश

**करौली,** (निसं)। राजस्थान को हरा भरा एवं पर्यावरण संतुलन के उद्देश्य से सरकार द्वारा हरियालो राजस्थान कार्यक्रम संचालित किया गया है कार्यक्रम के तहत ठेकरा गौशाला मे विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चैरजी सिंह के द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ एवं हरियाली का संदेश दिया।

ठेकरा गौशाला प्रबंधन समिति एवं अध्यक्ष मुन्ना सिंह, शिवनाथ सिंह काका,ऊधौसिंह एडवोकेट,नरेंद्र सिंह टटवाई,धर्मेंद्र सिंह मचानी ने बताया कि ठेकरा गौशाला में 1500 गोधन को पानी, साफ सफाई एवं संरक्षित करने का पुण्य कार्य किया जा रहा है। इन गायों में कुछ विकलांग एवं बीमार गायों की देखरेख एवं उपचार व्यवस्था कुशल चिकित्सकों की देख रेख में नियमित रूप से किया जाता है पूर्व में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के द्वारा गौशाला की व्यवस्थाओं के संबंध में किए गए निरीक्षण में प्रबंध समिति के द्वारा लग्न एवं ईमानदारी से कार्य करने के एवज में बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई इसके साथ ही जिला कलेक्टर से प्रबंध समिति के द्वारा गौशाला को पर्यटन क्षेत्र विकसित किए जाने की कार्य योजना के संदर्भ में चर्चा की गई समिति द्वारा कच्ची सड़क से गौशाला तक इंटरलॉकिंग की मांग रखी कार्य योजना के अनुसार कलेक्टर ने कच्ची सड़क से गौशाला तक इंटरलॉकिंग कार्य स्वीकृत कर दिया गया है गौशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया कि शुरुआती दौर में धौलपुर एवं करौली दोनों ही जिलों के खनन माफियाओं के द्वारा गौशाला क्षेत्र में जेसीबी एवं बारूद ब्लास्टिंग से गहरे गहरे गड्ढे बना दिए गए थे अब प्रत्येक गड्ढे को जेसीबी से समतल करके इस अभियान के प्रथम चरण में विभिन्न प्रकार के 1100 वृक्ष लगाए जाने एवं संरक्षित किए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। गौशाला प्रबंधन समिति के सचिव गोविंद सिंह सेंगर ने बताया कि दूसरे चरण में भामाशाह,जन सहयोग,विभिन्न विभागों के सहयोग,राजनेताओं के सहयोग एवं विभिन्न प्रकार की राजकीय योजनाओं के माध्यम से गौशाला परिक्षेत्र को पर्यटन स्थल विकसित किए जाने के उद्देश्य से गोपालन एवं संरक्षण के प्रेरणा स्त्रोत भगवान श्रीकृष्ण की आदम कद प्रतिमा, विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक महापुरुषों के नाम पर पार्क विकसित किया जाना, आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थलों पर सड़क निर्माण कार्य तथा तलाई निर्माण के कार्य शुरू किए जाएंगे।

# यजुर्वेद पारायण महायज्ञ व वेद प्रवचन को लेकर बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। आर्य समाज गंगापुर सिटी के तत्वाधान में यजुर्वेद पारायण महायज्ञ एवं वेद प्रवचन का आयोजन 18 अगस्त सोमवार से 24 अगस्त रविवार तक देवी स्टोर स्थित आर्य समाज मंदिर गंगापुर सिटी में आयोजित होगा। आर्य समाज के प्रधान मदन मोहन बजाज ने बताया कि कार्यऋम में आर्य जगत के उच्च कोटि के प्रवक्ता आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री व मधुर भजनोपदेशक सुमित अंगिरस सहारनपुर से पधारेंगे। रविवार साप्ताहिक सत्संग के उपरांत आर्य समाज मंदिर में हुई मीटिंग में कार्यऋम की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वित्त समिति का गठन किया जिसमें ओम प्रकाश गुप्ता कार्यक्रम संयोजक, कार्यऋम सहसंयोजक ओम प्रकाश गुप्ता घी वाले, मंत्री संतोष मसावता, अभिषेक बंसल, कछीया लाल बजाज, विश्वबंधु आर्य, मदन मोहन बजाज आदि को शामिल किया गया। भोजन की व्यवस्था आर्य महिला मंडल को, प्रसाद की व्यवस्था जगदीश जीरोता, कैलाश मित्तल, सत्यप्रकाश सोनी, प्रचार प्रसार व्यवस्था आशुतोष आर्य, माइक की संजय आर्य को, पानी की व्यवस्था मदनमोहन गुप्ता, सफाई व्यवस्था आर्य वीर दल, यजमान व्यवस्था संतोष मासावता जल पान की व विद्वानों की व्यवस्था मनोज आर्य को सौंपी गई। आर्य समाज के मंत्री ने बताया कि कार्यऋम 18 अगस्त सोमवार से 24 अगस्त 2०25 रविवार तक प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक दोपहर 2 बजे से 4:3० बजे तक एवं रात्रि 8 बजे से 9:3० बजे तक तीन पारियों में आयोजित होगा। इस दौरान मीटिंग में सुमन आर्या, पुष्पा आर्या, ओमप्रकाश गुप्ता, विश्वबंधु आर्य, नगर संचालक शुभम आर्य, मनोज आर्य, प्रिंस आर्य, कैलाश मित्तल, आशुतोष आर्य आदि के अलावा अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

- कार्यकारिणी की बैठक में कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी



बैठक में चर्चा करते आर्य समाज सदस्य।

सार-समाचार

## विजय पूनिया का किया सम्मान



**भरतपुर,** (निसं)। जयपुर में नारी शक्ति सम्मान हेतु अपनी बहुमूल्य जमीन पूर्व विधायिका स्व. गोरी पूनिया महिला छात्रावास हेतु उनके सुपुत्र समाजसेवी विजय पूनिया ने दान की है। उनके भरतपुर आगमन पर होटल गीतांजलि में भरतपुर के समस्त जाट समाजों व सर्व समाज के जागरूक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बडी संख्या में आकर उनका 31 किलो की माला, चांदी के मुकुट व राधे-राधे के पट्टा पहनाकर अभिनन्दन किया। उनके साथ मालपुरा के पूर्व विधायक रनवीर सिंह पहलवान व गुलाब सिंह, राजवीर सिंह डीएसपी व हिण्डौन जाट चौरासी के नेता मौजूद थे। स्वागत करने वालों में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक गोविन्द वेनीवाल, सीताराम गुप्ता, भूरी सिंह व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान, जाट सभा के प्रेम सिंह कुंतल, प्रो0 उदयभान सिंह, हीरा सिंह, राजीव कुमार सिंह, संतोष सरपंच, विजय पाल प्रधान, अशोक जघीना, बाबू सिंह रेंजर, कर्दम सिंह, जय सिंह, शिवराज पूनिया, गोपी पहलवान सिनसिनी, नत्थन पहलवान परमदरा, कोच सत्यप्रकाश लुहाच, धीरज पूनिया, मिठठू सिंह धाउ अन्य सरपंच गण व प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## आरक्षण व सामाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा

**मंडरायल/करौली,** (निसं)। कुशवाहा समाज की बैठक में आरक्षण और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में कुशवाहा समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।बैठक के दौरान समाज में व्याप्त कुरीतियों, 12 प्रति'ात आरक्षण,मृत्यु भोज,शिक्षा और संस्कृति जैसे मुद्दों पर चर्चा की। कुशवाहा समाज ने एकजुट होकर आरक्षण की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। समाज ने जनगणना सर्वे में कुशवाहा शब्द लिखने का निर्णय लिया है ताकि अपने पूर्वजों की पहचान को नहीं छुपाना पडे। समाज ने अपनी 12 सूत्री मांग पत्र पर गंभीरता से फोकस करने का निर्णय लिया है। बैठक में प्रमुख लोग लक्ष्मण सिंह कुशवाहा,आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश संरक्षक मुरारी लाल कुशवाहा, करौली जिला 84 के अध्यक्ष वासुदेव प्रसाद कुशवाहा, आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक जगदीश कुशवाहा, वयोवृद्ध समाज सेवी डीके कुशवाहा, प्रदेश मीडिया प्रभारी बैठक में उपस्थित थे जिन्होने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर करौली चैरासी जिला अध्यक्ष अमर सिंह कुशवाहा, मदुरई तहसील अध्यक्ष मुरारी लाल कुशवाहा, द्वारका प्रसाद कुशवाहा, लव कुश कुशवाहा, विकास समिति अध्यक्ष शिवकुमार कुशवाहा, मिश्रीलाल कुशवाहा, रामकुमार कुशवाहा, सरपंच नदनपुर महावीर प्रसाद कुशवाहा, धौलपुर राजवीर कुशवाह, धौलपुर तोताराम कुशवाहा,हुकमचंद कुशवाहा आदि लोग उपस्थित थे।

## समाज उत्थान का लिया संकल्प

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। सवाईमाधोपुर के खुर्रा गांव स्थित गौतम आश्रम पर महर्षि गौतम आश्रम सेवा समिति के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं महर्षि गौतम गौरव प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक, करौली, बूंदी जयपुर सहित स्थानीय समाज बंधुओं ने सहभागिता निभाते हुए कुरीतियों को मिटाकर समाज उत्थान का संकल्प लिया। अक्षपाद महर्षि गौतम की प्रतिमा का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक पूजन किया गया। समिति के मंत्री मुकेश कुमार गौतम ने बताया कि रामरतन झर ने समारोह में कक्षा 10 व 12 के मेधावी विद्यार्थी, राजकीय सेवा में चयनित प्रतिभाओं को पारितोषिक भेंटकर सम्मानित किया। समारोह के अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के महासचिव पंडित ताराचन्द शास्त्री, राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र गौतम कोटा तथा महासचिव गिरधर गोपाल गौतम बूंदी, राजेन्द्र पंचोली बूंदी, हनुमानप्रसाद पंचारिया, ब्रजराज स्नेही टोंक, डॉ. विजय प्रकाश गौतम जयपुर, चन्द्रशेखर पंचोली बासी, विप्र सेना प्रदेश अध्यक्ष हितेश गौतम मलवास, महावीर प्रसाद गुहाडिया जयपुर, नत्थूलाल शर्मा महुवा, सुरेंद्र शर्मा पत्रकार, वैध नाथूलाल ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। भामाशाह राधेश्याम शर्मा किशनगढ़ ने ठोनाइट पत्थर के लिए 2 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग दिया।

## विचार गोष्ठी हुई आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर राज्य के अन्तिम शासक महाराजा सवाई वृजेन्द्र सिंह की 30वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर जिला जाट महासभा के तत्वाधान में जाट हवेली सारस पर जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह कुन्तल की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी के प्रमुख वक्ता इतिहासकार रामवीर सिंह वर्मा थे। जबकि मुख्य अतिथि राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश महामंत्री राकेश फौजदार थे।विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि राकेष फौजदार ने महाराजा बृजेन्द्र सिंह को सच्चा देशभक्त दानी एवं प्रजा का सच्चा हितेषी बताया। उन्होंने स्वतन्त्रता आन्दोलन के सैनानियो की हर संभव सहायता की। आर्थिक मदद एवं सरंक्षण प्रदान किया।मुख्य वक्ता इतिहासकार रामवीर सिंह वर्मा ने बताया कि महाराजा बृजेन्द्र सिंह ने अपने शासन काल में गरीब किसानों को कानून बनाकर जिनकी जमीन गिरवी पड़ी थी, उससे मुक्ति दिलाई। अपने शासन काल में छूआछूत प्रथा के उन्मूलन में हरिजनों को गंगा मन्दिर में प्रवेश दिलाकर उनके उनके साथ सामुहिक भोजन में शरीक होकर देश में समानता की सबसे बड़ी मिसाल कायम की। वर्मा के अनुसार उन्होंने राजतंत्र के चलते बृज जया प्रतिनिधि सभा की स्थापना कर प्रजातात्रिंक सोच का उत्कृष्ट कार्य किया।

# शिक्षक संघ अंबेडकर की बैठक आयोजित

**करौली,** (निसं)। शिक्षक संघ अम्बेडकर के सवाराम मीना सभापति एवं सुभाष मीना महामंत्री बने रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) करौली की जिला कार्यकारणी की बैठक का आयोजन अम्बेडकर पार्क मे विष्णु मण्डल जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता मे हुआ।

बैठक के दौरान जिला कार्यकारणी का विस्तार जिलाध्यक्ष विष्णु मंडल ने सर्व सम्मति से किया संगठन हित में शैलेन्द्र कुमार बागौरिया प्राचार्य ने सभाध्यक्ष पद से त्यागपत्र जिलाध्यक्ष को दिया उनके स्थान पर सबाराम मीना को सभाध्यक्ष नियुक्त किया गया जिला मंत्री सुभास चंद मीना, कोषाध्यक्ष कुमेश कुमार बैरवा, संरक्षक घनश्याम जाटव, उदयसिंह जाटव, घनश्याम मीना, अमृतलाल छावड़ा, रत्तीराम मीना, रूपसिंह मीना, लक्ष्मी चंद मीना, जगमोहन जाटव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चंद कैन, जसराम मीना, टीकाराम महावर, जिलाउपाध्यक्ष रमेश चंद मीना, मदन मोहन जाटव, कैलाश चंद जाटव, रायसिंह जाटव,धनराज मीना,सतीश चंद, रेवत सिंह मीना,जलसिंह जाटव, महिला मंत्री सविता कुमारी,वीणा देवी, अनिता जाटव,प्रियंका मीना,संघटन मंत्री भरत लाल जाटव,सुनील चंद्रावत, विक्रम सिंह मीना, शिवदयाल बैरवा, मुकेश चंद मीना,अमरसिंह लालावत,बनीसिंह जाटव, नितेश जारेडा, अबदुल तारिक, प्रचार मंत्री, मो आरिफ , लाखन सिंह, राजेंद्र कुमार, बनीसिंह माली, शिवचरण मीना, प्यारसिंह संयुक्त मंत्री रामपाल जाटव, दिलीप कुमार जाटव, राहुल कुमार, रामस्वरूप जाटव, शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि भीखाराम जाटव, चेतराम मीना, मानसिंह बौद्ध, प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत, धनराज मीना, सुरेंद्र सकीत को बनाया गया जिला कार्यकारणी ने संगठन हित में कार्य करने का संकल्प लेकर विद्यार्थी,शिक्षक हित में कार्य करने की बात कही नवीन सत्र 2025 26 में नवीन सदस्यता के लिए ब्लॉक बार जिम्मेदारी दी।

बैठक का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष रूपसिंह सिंह मीना ने किया बैठक में कैलाश चंद मीना, रूपसिंह मीना,गंगाराम प्रजापत, सुनील कुमार,कुमेश कुमार,तेजराम मीना, हरकेश मीना,भरतलाल जसराम मीना, रायसिंह जाटव,भीम सिंह जाटव, टीकाराम महावर,घनश्याम मीना, रत्तीराम मीना, रमेश चंद मीना, सुभाष चंद मीना, नितेश जारेडा, सुरेश चंद कैन, सिया राम जाटव, रामस्वरूप जाटव, लेखराम मीना, अमृत लाल छावड़ा, शैलेंद्र कुमार बागौरिया, रामपाल जाटव, सुरेंद्र सकीत, तेजसिंह जाटव, विष्णु मंडला, घनश्याम जाटव प्राचार्य, घनश्याम मीना प्राचार्य सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।